जागरण

भारी मात्रा में नकली चायपत्ती व तेल बरामद

Publish Date:Sun, 03 Mar 2019 08:04 PM (IST)

जागरण संवाददाता, आजमगढ़ : सिधारी थाना क्षेत्र के नरौली स्थित एक दुकान पर कंपनी के इंनवेशटिगेशन अधिकारी के साथ पुलिस ने छापा मारा। छापे के दौरान कंपनी का ट्रेड मार्क लगाकर नकली उत्पाद बनाने का पर्दाफाश कर पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नकली चायपत्ती व अलग-अलग ब्रांड के तेल बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने फरार दुकानदार के खिलाफ कापी राइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बिहार प्रांत के दरभंगा जिले के बलभद्रपुर गांव निवासी मनोज कुमार झा अनुशंधान इनवेशटिगेशन प्राइवेट लिमिटेड में अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें सूचना मिली कि टाटा मेरिको एवं बजाज लिमिटेड कंपनी के उत्पाद के डुप्लीकेसी कर बेचा जा रहा है। इस सूचना पर उन्होंने सिधारी पुलिस के साथ नरौली तिराहा पर स्थित प्रसाद राम पुत्र स्व. बूधन राम के दुकान पर छापा मारा। छापा के दौरान पुलिस ने टाटा प्रीमियम के नकली चायपत्ती, बजाज अलमंड का तेल व मेरिको का नकली तैयार किया गया भारी मात्रा में तेल बरामद किया। छापेमारी के दौरान उक्त दुकानदार पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। सिधारी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर का कहना है कि मनोज कुमार झा के तहरीर पर फरार दुकानदार के खिलाफ कापी राइट एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/azamgarh-large-amount-of-fake-tea-and-oil-recovered-19010156.html